झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | द्वितीय सत्र(बजट)

संख्या-03 | मंगलवार, दिनांक-03 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 1.00 बजे अप० तक।

मानीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. आसन से घोषणा:-

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज माननीय प्रभारी वित्त मंत्री (मुख्यमंत्री) द्वारा प्रश्नकाल के बाद 12.00 बजे मध्या० में वित्तीय वर्ष-2015-16 के बजट का उपस्थापन किया जायेगा, अतएव आज के लिए प्राप्त सभी शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी हुई मानी जायेगी और लिखित उत्तर हेतु उन्हें सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर दिया जायेगा और आज के लिए निर्धारित सभी ध्यानाकर्षण सूचनायें अगले दिन ली जायेगी। सभा परिसर में दोपहर के समय आयोजित भोज में सभी सभासदों को सम्मिलित होने हेतु आसन द्वारा आग्रह किया गया।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने आज के समाचारपत्र, दैनिक जागरण में उपस्थापन के पूर्व ही बजट के प्रकाशित होने पर इसे संविधान के विरूद्ध बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की माँग की। माननीय मुख्यमंत्री ने मामले को गम्भीर बताते हुए इसकी जाँच हेतु सदन को आश्वस्त किया।)

2.प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-20

(i) उत्तरित कुल-11- अ० सू०-14, श्री प्रकाश राम, स० वि० स०,
अ० सू०-15, श्री हरि कृष्ण सिंह, स० वि० स०,
अ० सू०-16, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,

(इस अवसर पर नवविवाहित माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी को आसन द्वारा हार्दिक बधाई दी गयी)

अ० सू०-17, श्री राम कुमार पाहन, स० वि० स०,
अ० सू०-18, श्रीमती सीता सोरेन, स० वि० स०,
अ० सू०-19, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,

(क्र० पृ०उ०)

(इस अवसर पर सदन में मोबाईल के कारण ध्वनि विस्तारक यंत्र में उत्पन्न हो रही बाधाओं को देखते हुए आसन द्वारा माननीय सदस्यों से अपना-अपना मोबाईल बन्द रखे जाने हेतु आग्रह किया गया)

अ० सू०-20, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०,
अ० सू०-21, श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०
अ० सू०-22, श्री अरुप चटर्जी, स० वि० स०
अ० सू०-23, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०,

(माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर के अ० सू० प्रश्न संख्या-23 के समाधान हेतु माननीय मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग को आसन द्वारा निदेश दिया गया कि वे सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले को निष्पादित करें।)

अ० सू०-24, श्री बादल, स० वि० स०।

(ii) अनागत कुल-09- अ० सू०-25 से 33 तक।

3.सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

माननीय मुख्यमंत्री (प्रभारी वित्त) श्री रघुवर दास द्वारा झारखण्ड सरकार का झारखण्ड आर्थिक सर्वेक्षण 2014-15 तथा वित्तीय नीतियों एवं मध्यावधि वित्तीय योजना 2014-15 की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

4.वित्तीय कार्य:-

माननीय मुख्यमंत्री (प्रभारी वित्त) श्री रघुवर दास द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के उपस्थापनोपरांत बजट अभिभाषण दिया गया। इसके उपरांत आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों को होली की शुभकामनायें दी गयी तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-04.03.2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 03 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।